NT>

Title: Need to upgrade the status of Parbhani Radio Station of the All India Radio so as enable it to produce local programmes.

श्री सुरेश रामराव जाधव : धन्यवाद अध्यक्ष महोदय, परभनी आल इंडिया रेडियो को फुल-फ्लैज्ड केन्द्र बनाने के लिए मैंने बार-बार कोशिश की, किन्तु अभी तक सफलता नहीं मिल पाई है।

अध्यक्ष महोदय : आपकी आवाज ठीक नहीं हो, तो इस विाय को सोमावार को रखें क्योंकि यह आल इंडिया रेडियो का मामला है।

श्री सुरेश रामराव जाधव : सर, मेरी आवाज ठीक है।

अध्यक्ष महोदय : अब आवाज ठीक हो गई।

श्री सुरेश रामराव जाधव : हमारे क्षेत्र की जनता की 20-25 साल से मांग चली आ रही है कि परभनी आकाशवाणी केन्द्र को पूर्ण केन्द्र का दर्जा दिया जाए। सर, 1983 और 1992 में भी औरंगाबाद और परभनी आकाशवाणी केन्द्र को पूर्ण केन्द्र का दर्जा देने के आदेश दे दिए गए, लेकिन अभी तक उन्हें पूर्ण केन्द्र का दर्जा नहीं मिला है।

महोदय, मजे की बात यह है कि दिनांक 21-11-2002 को मुम्बई दूरदर्शन से एक पत्र गया कि परभनी आकाशवाणी केन्द्र को पूर्ण केन्द्र का दर्जा प्रदान कर दिया गया है, लेकिन दिनांक 26-11-2002 को एक दूसरा आदेश दिया गया कि परभनी आकाशवाणी केन्द्र का पूर्ण केन्द्र का दर्जा समाप्त कर दिया गया है। यानी कुछ दिन पहले ही पूर्ण केन्द्र का दर्जा दिए जाने का पत्र जाता है और कुछ दिन बाद ही उसे समाप्त करने का पत्र भेज दिया गया।

मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करता हूं कि हमारा परभनी आल इडिया केन्द्र मुम्बई और पूना के आकाशवाणी केन्द्र जब बने थे तभी वह भी बना था और इस प्रकार वह अत्यन्त पुराना आकाशवाणी केन्द्र है। उसे पूर्ण आकाशवाणी केन्द्र का दर्जा देने हेतु आप सरकार को निर्देशित करें। इतनी ही मेरी मांग है।